RAF SECTOR
NEWS CLIP
07/05/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Swadesh (Bhopal,MP)

नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई

107 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) ने अपने जवानों एवं ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल

107 बटालियन के तत्वाधान में 107 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) कैम्प हिनौतिया भोपाल में डा.तरूण गुर्जर एंट सर्जन डा. राधिका गुर्जर तथा डा. गनेश पिल्लई नेत्र विशेषज्ञ की चिकित्सकीय सहायता से बटालियन के जवानो/अधिकारियों और उनक परिवारजनो तथा गोद लिए गाव हिनौतिया, थानेगांव, बामुलिया डांगी, घाटखेडी तथा तरावली के ग्रामीणों के लिए नि:षुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए एस.एम. हबीब असगर, कमाण्डेन्ट 107 बटालियन नें चिकित्सा शिविर में आये जवानो तथा ग्रामीणो को संबोधन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है तथा इसे बनाए रखने के लिए अपनी दैनिक दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित करने एवं नियमित ब्यायाम करने के संबंध में जानकारी दिया। कमाण्डेन्ट महोदय ने स्वास्थ्य ही धन है पर आगे बताया कि स्वास्थ्य ही हमारे जीवन की पूंजी होती है जिसे बनाए रखना हमारे हाथों पर निर्भर करता है । अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें हमेशा फिट और स्वस्थ रहना जरुरी है और इसके लिए हमें एक स्वस्थ वातावरण में नियमितं व्यायाम तथा योगा को शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण होता है । स्वस्थ जीवन के लिए यदि आप प्रत्येक दिन 40 मिनट पैदल भी चलते हैं तो यह आपको स्वस्थ और फिट रहने में मदद करता है । इसके बाद चिकित्सा शिविर में उपस्थित डा. तरूण गुर्जर (एंट सर्जन)डा.राधिका गुर्जर एवं डा. गनेष पिल्लई (नेत्र विशेषज्ञ) तथा उनके सहयोगियो द्वारा 107 बटालियन के कुल 152 जवानो/अधिकारियों और उनके परिवारजनो तथा गोद लिए गाव से आए 103 ग्रामीणों का चिकित्सकीय जांच किया गया एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरण की गई।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।